## महत्वपूर्ण एवं खास

### अवैध शराब बेचते एक आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग (आरएनएस)।** पुलगांव थाना पुलिस ने ग्राम चंदखुरी में अवैध शराब बेचते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 98 पौवा देशी शराब एवं बिक्री की रकम जप्त की है। मुखबिर की सूचना पर पुलगांव पुलिस द्वारा चंदखुरी के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम पूनम निर्मलकर पिता रूपनारायण निर्मलकर 32 साल निवासी चंदखुरी का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से एक बोरी में अवैध रूप से 78पौवा देशी मसाला कीमती 8580 रूपये एवं दूसरे बोरी में 20 पौवा देसी मदिरा प्लेन कीमती 1600 रुपए नगदी रकम 3800 रुपए जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### फरसा लहराकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** पुलिस सहायता केन्द्र चैतमा, थाना पाली से ए एस आई चंद्रपाल खांडे आरक्षक 171 भरत यादव, 512 मनोज मारकंडे के साथ टाउन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था। इसी बीच मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम साजाबहरी कोदवारी पारा में एक व्यक्ति लोहे का धारदार हथियार फरसा लेकर लहराकर आम जगह पर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना मिलने पर तत्काल मुखबिर की सूचना को *पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला (भापुसे) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा (रापुसे )* को अवगत कराने पर तत्काल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंकज ठाकुर (रापुसे) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पाली अभिनव कांत सिंह की अगवाई में चौकी प्रभारी चैतमा सुरेश जोगी के निर्देशन में हम स्टाफ एव गवाह के साथ पहुंच कर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़े। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम लक्ष्मीप्रसाद कश्यप पिता देवीप्रसाद कश्यप उम्र 38 वर्ष निवासी साजाबहरी का रहने वाला बताया। उसके कब्जे से एक नग लोहे का धारदार हथियार फरसा जप्त कर कब्जा में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### हथियार दिखाकर गुण्डागर्दी करने वाले दो आदतन बदमाश गिरफ्तार

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर धारदार हथियार दिखाकर आम लोगों को डराने धमकाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से चाकू बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को सुपेला पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बलराम चौक सुपेला के पास आम जगह में धारदार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। वहीं एक अन्य व्यक्ति मटन मार्केट के पास लक्ष्मी नगर सुपेला में धारदार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। जिस पर सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस द्वारा तत्काल बलराम चैक सुपेला से बब्बू अली एवं मटन मार्केट सुपेला से संतोष यादव को घेराबंदी कर पकडा गया है। तथा आरोपीगणों के कब्जे से एक-एक धारदार चाकू जप्त किया गया। जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ धारा - 25, 27 आम्र्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी बब्बू अली एवं संतोष यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### महिलाओं ने सुआ नृत्य की प्रस्तुती कर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

बालोद, 23 अक्टूबर (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में निरंतर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले में स्वीप गरबा महोत्सव, मतदाता जागरूकता रैली, नुक्कड़-नाटक की प्रस्तुति तथा दीवाल लेखन आदि विभिन्न प्रकार की गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही है। जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के दल्लीराजहरा में आज महिलाओं के द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुति के माध्यम से मतदाताओं एवं आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

# माँ की प्रसन्नता के लिए भक्तों ने किया आकर्षक धुनुची नृत्य

- रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन
- बंगाली दुर्गा पूजा की सदियों प्राचीन परंपरा राजेन्द्र नगर में 43 वर्षों से जारी'

**रायपुर (आरएनएस)।** श्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर के मंदिर परिसर में महानवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भव्य धुनुची नृत्य किया। धुनुची नृत्य बंगाली दुर्गा पूजा की परंपरा का अहम हिस्सा है। धुनुची नृत्य में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

श्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर के सचिव विवेक बर्धन ने बताया कि नवरात्र के अवसर पर धुनुची नृत्य दुर्गा पूजा पंडालों में महानवमी में किया जाने वाला नृत्य है। दुर्गा पूजा के दौरान इस नृत्य की परंपरा सदियों से चली आ रही है। बर्धन ने बताया कि धुनुची नृत्य का सम्बंध महिषासुर वध से है। पुराणों के अनुसार महिषासुर के अंत के लिए देवताओं ने माँ दुर्गा की पूजा-उपासना की थी और माँ ने महिषासुर के वध से पूर्व अपनी शक्ति बढ़ाने के लिए यह धुनुची नृत्य किया था। कहीं-कहीं महानवमी के पूर्व महासप्तमी से भी यह नृत्य किया जाता है। समिति के राजेन्द्र नगर स्थित मंदिर परिसर के दुर्गा पूजा पंडाल में बीते 42 वर्षों से धुनुची नृत्य का आयोजन कर इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। यह 43वां वर्ष है। भक्तों ने माँ को प्रसन्न करने और मनोवांछित कार्य की सिद्धि के लिए आकर्षक धुनुची नृत्य किया।

इसके साथ ही प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चों की प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें शंखनाद, सामान्य ज्ञान, कुर्सी दौड़, नृत्य व संगीत प्रतियोगिता में बच्चों के साथ बड़ों ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के विजाताओं के साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।



सिन्दूर खेला 24 को'

श्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर स्थित मंदिर परिसर में विजयदशमी के दिन 24 अक्टूबर को सिंदुर उत्सव का आयोजन किया गया है। सचिव विवेक बर्धन ने बताया कि इसे सिंदुर खेला (देवी सिंदुर वरन) के नाम से जाना जाता है। सिंदूर खेला का आयोजन शाम पांच बजे से किया जाएगा। बर्धन ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा जब मायके से विदा होकर ससुराल जाती है तो उनकी मांग सिंदुर से सजाई जाती है। इसके बाद सुहागिन स्त्रियां एक-दूसरे को सिंदुर लगाकर शुभकामनाएं देती हैं। मान्यता है कि सुहागिनों को सौभाग्यवती होने का वरदान प्राप्त होता है।

## प्राचीन रावणभाठा में भव्य आशिबाजी के साथ होगा रावण दहन

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में दशहरा पर्व (विजयादशमी) धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके लिए जोरदार तैयारियां की जा रही है। शहर के प्राचीन व ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान में दशहरा को लेकर खास तैयारियां चल रही हैं। वहीं शहर के डब्ल्यूआरएस कालोनी, समता कालोनी, बीटीआई ग्राउंड में भी दशहरा मनाने जोरदार तैयारी की जा रही है। विजयादशमी पर्व के लिए दशहरा मैदानों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। शहर के सबसे प्राचीन व ऐतिहासिक महत्व के रावणभाठा मैदान में इसके लिए खास तैयारियां की जा रही है। दशहरा उत्सव समिति के अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रावणभाठा मैदान में रावण के साथ कुंभकरण व मेघनाथ का पुतला दहन किया जाएगा। इसके पश्चात जोरदार आतिशबाजी की जाएगी जो कि देखने लायक होगी। इसके पूर्व मैदान में अखाड़ों का प्रदर्शन अनेक अखाड़ा समितियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान पतंगबाजी भी दिन भर चलती रहेगी। अखाड़ा प्रदर्शन के बाद प्राचीन दूधाधारी मंदिर से श्रीराम-लखन की सवारी रावणभाठा मैदान आएगी। यहां श्रीराम व रावण की सेना के मध्य भयंकर युद्ध का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। अंत में श्रीराम के द्वारा रावण पुतले पर अग्रिबाण छोडक़र रावण का अंत किया जाएगा। इसके पश्चात रावण पुतले का दहन होगा। इस दौरान मैदान के चारों ओर से भव्य और आकर्षक आतिशबाजी दर्शकों को रोमांचित करती रहेगी।

# नक्सली सामग्री के साथ पांच नक्सली गिरफ्तार

- चुनाव से ठीक पहले जवानों को मिली बड़ी सफलता



**सुकमा-रायपुर (आरएनएस)।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सुरक्षा बल के जवान लगातार नक्सल प्रभावित इलाके में सर्चिंग अभियान चला रहे है। ऐसे ही जगरगुंडा इलाके में सर्चिंग पर निकले जवानों ने पांच नक्सलियो को गिरफ्तार किया उनके पास से नक्सली साहित्य व स्पाइक बरामद किए। पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस की माने तो जिले के जगरगुंडा व बेदरे केम्प से जिला बल व कोबरा 201 के जवान संयुक्त एरिया डोमिनेशन के लिए रवाना हुए। दूरनदरभा व मिसिगुड़ा के जंगलों में जवानों को आता देख कुछ संदिग्ध भागने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर उन पांचों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर अपनी पहचान तामु भीमा, ओयाम जोगा, अवलाम पांडु, पूनेम सन्नू, तामु आकाश जो कि बेदरे निवासी बताया। उनके पास से थैलों व बोरियों में की जांच करने पर 180 नग लकड़ी से बना नुकीला स्पाइक, 2 नग संबल, नक्सली पर्चा व साहित्य बरामद हुआ। जिसके बाद अपराध कायम कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

**खतरनाक साबित होते है स्पाइक :** स्पाइक काफी खतरनाक साबित होते है। दरअसल ये लकड़ी जो कि सामने से नुकीला होते है। जिसे नक्सली जंगलों में या पगडंडियों में गड्ढा खोदकर लगा देते है। ऊपर से हल्की रेत या फिर सूखे पत्ते डाल देते है ताकि किसी को कोई शक ना हो। और जवान जब पैदल या वाहनों में सवार होकर निकलते है और अगर सावधानी ना बरते कही पेर उन स्पाइक पर आ जाए तो जवान घायल हो जाता है। पिछले कुछ सालों में जवानों ने भारी मात्रा में स्पाइक बरामद किए है।

**विधानसभा चुनाव में नुकशान पहुँचाने का उद्देश्य :** पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियो ने ये स्वीकार किया है कि नक्सली कमांडरो के कहने पर आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान दल या जवानों को नुकशान पहुँचाना उद्देश्य था। क्योंकि नक्सली चुनाव का बहिष्कार कर चुके है।

# एनएसएस स्वयंसेवको व विद्यार्थियों ने पत्र लिखकर पालको व रिश्तेदारों को वोट देने हेतु किया प्रेरित

**धमतरी (आरएनएस)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली धमतरी के विद्यार्थियों व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को अपने रिश्तेदार, चिर परिचित, नाना नानी, मामा मामी ,चाचा चाची तथा अपने बड़े भाई बहन को जो दूर में निवास रत हैं उन्हें पोस्टकार्ड पत्र लिखकर 17 नवंबर को मतदान केंद्र जाकर वोट देने हेतु प्रेरित कर रहे हैं।

लगभग 200 पत्र लिखा जा चुका है। हम भारत के जिम्मेदार नागरिक बने तथा लोकतंत्र की रक्षा हेतु स्वेच्छा से मतदान कर इस महापर्व में सहभागी बने तथा अन्य लोगों को भी मत देने हेतु प्रेरित करें ।वोट डालना मतदाता की शान - प्रजातंत्र से बढ़ाना देश का मान, सुन ले दाई सुन ले बहिनी -वोट डलबे तभे बनही, जमाने को यह बताना है -वोट का अधिकार जताना है आदि नारों का उल्लेख कर रैली, नुक्कड नाटक वह गीत कविता के माध्यम से लगातार लोगों को प्रेरित कर रहे हैं ।

जिला शिक्षा अधिकारी बृजेश बाजपेई,एल आर मगर ,श्री अमित तिवारी विद्यालय के प्राचार्य एस रामटेके , एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू ,मंजूषा साहू गाइड डी ओ सी, राकेश साहू व्याख्याता, रामखिलावन, भावेश ,ज्ञानीक, उज्जवल, खेलेंद्र, तुषार ,त्रिकांत, हीरामन, उमेश दास, हमीद, लाकेश ,हर्षिता, टामिन, वर्षा, निशा ,यामिनी ,भावना, दुलेश्वरी, प्रियंका ,सुनीता ,युक्ति आदि लगातार पत्रों के माध्यम से प्रेरित कर रहे हैं।

# संपति विरूपण के तहत कोरबा जिले में 69 हजार 996 प्रकरणों पर की गई कार्यवाही

- सार्वजनिक संपत्तियों से 49093 और निजी संपत्तियों से 20903 से अधिक प्रचार सामग्रियां हटाई गईं

**कोरबा (आरएनएस)।** राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर, बैनर इत्यादि हटाने की कार्यवाही की गई हैं। सार्वजनिक संपत्तियों से 49093 और निजी संपत्तियों से 20903 प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं।

आचार संहित प्रभावशील होने के साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने नगर पालिक निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई और जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप को संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान प्रचार सामग्रियों को हटाने के निर्देश मिलते ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टीम सक्रिय हुई और कार्यवाही को अंजाम दिया गया। एमसीसी के नोडल अधिकारी सेवाराम दीवान ने बताया कि सार्वजनिक संपत्ति अंतर्गत वॉल राइटिंग के 21733, पोस्टर के 14127 बैनर 6268 और अन्य 6965 कुल 49093 प्रकरण हटाए गए। इसी तरह निजी संपति विरूपण अंतर्गत वॉल राइटिंग के 12156 पोस्टर 3748, बैनर 2888 और अन्य 2111 कुल 20903 प्रकरण हटाए गए।

# थाना कुसमुण्डा द्वारा अवैध नशाली दवाई पर की गई कार्यवाही

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले की कुसमुंडा पुलिस ने 50 स्ट्रीप में 500 नग नाईट्रोसन 10 (नशीली दवाई) किमती 6500 रुपये बिक्री रकम 500 रुपये कुल व एक काले रंग की बजाज पल्सर मोटर सायकल तथा एक आई फोन 14 प्रो मैक्स मोबाईल जपत कर एक नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है।




पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला द्वारा क्षेत्र में अवैध नशीली दवाई के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक राबिन्सन गुरिया के मार्गदर्शन में रविवार को मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि आदर्शनगर कुसमुण्डा के निवासी हिमांशु पाल से एक सफेद रंग के पॉलिथिन में मोटर सायकल बजाज पल्सर क्र. सीजी 10 ई जे 9850 के सीट के नीचे रखे नशीली मनोउत्तेजक टेबलेट जो प्रतिबंधित है को रखकर आदर्शनगर स्टेडियम में घुम घुमकर बिक्री कर रहा था। सूचना पर मौके पर घेराबंदी कर आरोपी से 50 स्ट्रीप में कुल 500 नग नशीली टेबलेट नाईट्रोसन 10 किमती 6500 रुपये व नशीली टेबलेट बिक्री रकम 500 रुपये तथा मोटर सायकल बजाज पल्सर क्र. सीजी 10 ई जे 9850 को जप्त कर धारा 22 एन डी पी एस एक्ट का पाये जाने से आरोपी हिमांशु पाल पिता छिंदरपाल उम्र 27 वर्ष निवासी क्वाटर नंबर एम / 750 आदर्शनगर थाना कुसमुण्डा के विरुद्ध धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कृष्ण कुमार वर्मा, स. उ. नि. रफिक खान, प्रधान आरक्षक 144 रंजन देवांगन, 419 योगेन्द्र आदिले. आरक्षक 819 पुष्पेन्द्र साहू, 486 धीरज पटेल एंव 716 खगेश्वर साहू की भूमिका रही।

# फेसबुक फ्रेंड की अश्लील फोटो बनाकर किया वायरल व ब्लैकमेल, एमपी का आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** फेसबुक साइट पर युवती से दोस्ती कर उसकी फोटो हासिल कर एडीट कर अश्लील फोटो बनाकर वायरल तथा ब्लैमेल करने वाले मध्यप्रदेश के युवक को पुलिस ने ङ्क्षगरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 15 अक्टूबर को थाना उरगा क्षेत्र के एक गांव की युवती ने अपने भाई के साथ थाना उरगा में एक लिखित शिकायत देकर अपराध दर्ज कराया था कि वर्ष 2022 के सितंबर महीने में उसकी दोस्ती मध्यप्रदेश इंदौर निवासी अभय खिराडे नाम के लडक़े से फेसबुक के माध्यम से हुई थी और अभय खिराड़े पीड़िता के फेसबुक अकाउंट से मोबाइल नंबर निकालकर पीड़िता से व्हाट्सप चैटिंग करता था। उसके बाद माह अगस्त 2023 में पीड़िता से मिलने कोरबा आया और एक लॉज में रुक कर पीड़िता को मिलने बुलाया। इस दौरान पीड़िता के द्वारा उसकी इच्छा अनुरूप काम करने से मना करने पर आरोपी गुस्सा हो गया और पीड़िता से अनाप शनाप बात करना शुरू कर दिया और पीड़िता के फोटो को अश्लील रूप से एडिट करके ब्लैकमेल करने लगा जब पीड़िता ने आरोपी को मोबाइल में ब्लॉक कर दिया तब आरोपी एडिट किए हुए अश्लील फोटो को फेसबुक के माध्यम से ग्रुप बना कर वायरल कर दिया और पीड़िता को भी भेजा जब पीड़िता इसकी सूचना अपने परिजनों को दी तब पीड़िता का भाई आरोपी अभय खिराड़े से बात कर ऐसा नहीं करने और वायरल पोस्ट को डिलीट करने की विनती करने लगा तब आरोपी के द्वारा डिलीट करने के बदले पैसे की मांग करने लगा तब परेशान होकर पीड़िता पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने धारा 384,509(ख),67आई टी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा द्वारा तत्काल एफ आई आर कर आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवम नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन में तत्काल टीम बनाकर आरोपी की पतासाजी हेतु टीम को गुजरात मोरबी भेजा गया जहा आरोपी अभय खिराड़े को गिरफ्तार किया गया।

# नौकरी लगाने के नाम ठगी व धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिले के पुलिस कप्तान उमनि / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी.सी. पटेल एवं एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती के नेतृत्व में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी व धोखाधडी करने के आरोपी को घेराबंदी कर किया गया गिरफ्तार।

प्रार्थीया रूखमणी बाई ठाकुर ग्राम मडेली के बच्चो को नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी गौकरण धृतलहरे पिता भरोसा राम धृतलहरे उम्र 53 वर्ष साकिन खडमा थाना छुरा ने स्वास्थ्य विभाग में जान पहचान है,बताकर 5 दिसंबर 2021 को प्रार्थीया से झांसे में लेकर नगद 2,50,000 रू. लिया गया।1 वर्ष तक नौकरी नहीं लगने पर प्रार्थीया द्वारा पैसे की मांग करने पर आरोपी द्वारा बहाना बनाया जाता था जिसे तंग आकर प्रार्थीया ने पुलिस के सामने अपनी आप बीती बताई जिस पर थाना छुरा आरोपी गौकरण घृतलहरे के विरूद्ध अपराध क्रमाक 175 / 23 धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर लिया गया।




इसी प्रकार आरोपी गौकरण धृतलहरे द्वारा भगवती पोर्ते ग्राम मुडागांव से भी शिक्षा विभाग में जान पहचान बताकर प्रार्थीया के भाई को शिक्षा विभाग में शासकीय नौकरी लगाने का झांसा दिया गया।तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर बनाने के लिये अनुदान राशि दिलाने का भी भरोसा दिलाकर झांसा देकर धोखाधडी कर नगदी रकम 1,76,000 रू. आरोपी द्वारा लिया गया। प्रार्थीया के भाई को नौकरी न लगने तथा प्रधानमंत्री आवास का अनुदान न मिलने पर पैसे की मांग करने पर प्रार्थीया को पैसा लौटाने का भरोसा दिलाया जाता रहा किंतु आरोपी द्वारा पैसा वापस नही किया गया प्रार्थीया के रिपोर्ट पर थाना छुरा के अपराध कमाक 176 / 23 धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया उक्त दोनो प्रकरणों के अभियुक्त गौकरण घृतलहरे पिता भरोसा राम घृतलहरे उम्र 53 वर्ष साकिन खडमा को प्रकरण में विधिक सहयोग न करने पर आज दिनांक को गिरफ्तार कर रिमाण्ड में भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती के नेतृत्व में उनि0दिलीप मेश्राम,सउनि0सुरेश निषाद, सउनि मोहन सिंह ठाकुर,आर0 टिकेश्वर यादव, मआर0लता पटेल व सैनिक देवव्रत निषाद की सराहनीय भूमिका रही।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU